पहला कॉलम

टोक्यो ओलंपिक में बदलूंगी मेडल का रंग, सोना जीतने पर होगी नजर- साक्षी मलिक

» हरिद्वार। रियो ओलंपिक में देश को कुश्ती में कांस्य पदक दिलाने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक की नजर अब टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर है। उनका कहना है कि महिला पहलवानों को भी पुरुष पहलवानों की तरह सम्मान दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे भी पुरुष पहलवानों से कम मेहनत नहीं करतीं। वह बुधवार को पति सत्यव्रत के साथ धर्मनगरी पहुंचीं। साक्षी ने रियो ओलंपिक में 58 किलो भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतना इतिहास रचा था। साक्षी ने रियो ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाया था। उन्होंने इस पल को अपने लिए ऐतिहासिक बताया। हाल ही में पद्मश्री अवार्ड मिलने पर भारतीय पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए सौभाग्य की बात है।

युवेंटस ने बार्सीलोना को किया बाहर

» बार्सीलोना। पिछली बार के करिश्मे को बार्सीलोना दोहरा नहीं सका और युवेंटस ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोककर चैम्पियंस लीग फुटबाल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बार्सीलोना ने पहले चरण में 4.0 से हारने के बाद अंतिम 16 के मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मेन को 6 . 1 से हराकर वापसी की थी। इस बार हालांकि युवेंटस ने बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाकर उसे कोई मौका नहीं दिया। लियोनेल मेस्सी, लुई सुआरेज और नेमार जैसे सितारे भी कोई कमाल नहीं कर पाए। इसके साथ ही युवेंटस ने 2015 चैम्पियंस लीग फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। इससे पहले रीयाल मैड्रिड, एटलेटिको मैड्रिड और मोनाको सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं ।

थम्पी जल्द ही भारत का प्रतिनिधित्व करेगाः ब्रावो

» कोलकाता। वेस्टइंडीज के विश्व टी20 विजेता आल राउंडर ड्वेन ब्रावो केरल के अनकैप्ड तेज गेंदबाज बासिल थम्पी से काफी प्रभावित है और उन्होंने कहा कि वह जल्द ही भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रावो और थम्पी इस मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात लायंस के लिए खेल रहे हैं। ब्रावो ने कहा कि बासिल थम्पी बहुत ही प्रतिभाशाली युवा है। मैं कहूंगा कि उसे एक साल या इतने समय में टीम इंडिया के लिए खेलने का मौका मिलेगा। उसमें प्रतिभा है, निश्चित रूप से उसमें काफी तेजी, रफ्तार और कौशल है। वह हमेशा ही सीखने के लिये तत्पर रहता है। गुजरात के मुंबई के खिलाफ मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज ने लगातार यार्कर फेंककर हर किसी को प्रभावित किया। ब्रावो ने कहा कि वह सीखने के लिये तैयार रहता है। वह सही सवाल पूछता है। मुझे लगता है कि भारतीय क्रिकेट सही दिशा में बढ़ रहा है।

टीम का ऐलान } ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का ऐलान, चोटिल स्टार्क और लिन को भी जगह

« नई दिल्ली। एजेंसी

इंग्लैंड में 1 जून से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान स्टीन स्मिथ को दी गई है। चोट के कारण अभी टीम से बाहर चल रहे मिचेल स्टार्क को टीम को जगह दी गई है। इसके साथ ही आईपीएल के दौरान चोटिल हुए क्रिस लिन को भी टीम में जगह मिली है।

ग्रुप बी में भारत,पाक और श्रीलंका

चैम्पियंस ट्रॉफी की शुरुआत एक जून 2017 से होगी। पहला मैच मेजबान इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच होगा। भारत को ग्रुप बी में पाकिस्तान, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। पाकिस्तान से भिड़ने के बाद भारत आठ जून को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। अपने अंतिम लीग मैच में भारत को लंदन के द ओवल में 11 जून को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना होगा।

पहली बार बांग्लादेश ने लिया है हिस्सा

ग्रुप ए में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश को रखा गया है। बांग्लादेश की टीम पहली बार चैम्पियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट एक जून से 18 जून तक चलेगा, जिसमें शीर्ष आठ टीमें खिताब के लिए जंग करेंगी।

टूर्नामेंट में नहीं है वेस्टइंडीज की टीम

इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2015 थी। वेस्टइंडीज की टीम इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल मैच 14 और 15 जून को कार्डिफ में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 18 जून को द ओवल में खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप के 3 महीने पहले है आईसीसी चैंम्पियंस ट्रॉफी

कार्यक्रम का ऐलान करते हुए आईसीसी के मुख्य कार्यकारी डेविड रिचर्डसन ने कहा, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 सिर्फ एक एकदिवसीय टूर्नामेंट नहीं है, इसके साथ कई मूल्य जुड़े हैं। चूंकि यह 2019 में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के क्वालीफिकेशन के तीन महीने पहले खेला जाएगा, इसलिए यहां अर्जित किया गया हर अंक महत्वपूर्ण होगा।

सारासोता ओपनः लिएंडर पेस युगल क्वार्टरफाइनल में हारे

« चंडीगढ़। एजेंसी

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और उनके जोड़ीदार ब्राजील के आंद्रे सा को एक लाख डॉलर की ईनामी राशि वाले सारासोता ओपन चैलेंजर्स (यूएस) टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हार झेलनी पड़ी है। पुरुष युगल मुकाबले में पेस और सा की जोड़ी को अमेरिका के स्टीफान कोजलोव औ कनाडा के पीटर पोलानस्की की जोड़ी ने एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 6-3, 3-6, 10-7 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं ताइवान की ताइपे सिटी में चल रहे एक लाख 25000 डॉलर की ईनामी राशि वाले संताइजी एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में प्रजनेश गुणेश्वरन ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रजनेश ने दक्षिण अफ्रीका के रूआन रोएलोफ्से को 7-6, 6-4 से लगातार सेटों में हराया।

स्पेन के बार्सिलोना में कैम्प नोऊ स्टेडियम में बार्सिलोना और जुवेंटस के बीच चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल सेकंड लेग सॉकर मैच के दौरान, वापस, जुवेंटस के मिरिलम पजेनिक ने बार्सिलोना के लियोनेल मेस्सी को सामने उठाया है।

प्रेग्नेंट सेरेना विलियम्स ने खुशी की शेयर, प्रेग्नेंसी की तस्वीर पोस्ट कर की डिलीट

» नई दिल्ली। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स प्रेगनेंट हैं। इस बात की जानकारी खुद सेरेना ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर अपनी प्रेग्नेंसी की फोटो पोस्ट कर दी। इस फोटो के कैप्शन में सेरेना ने लिखा है '20 वीक्स', यानि 20 हफ्ते। हालांकि इस फोटो को पोस्ट करने के कुछ ही देर बाद सेरेना ने इसे हटा भी दिया। स्नैपचैट पर शेयर की गई तस्वीर में सेरेना ने पीले रंग का स्वीमसूट पहना हुआ है और वो एक शाशे के सामने खड़ी होकर पोज दे रही हैं। सेरेना की इस पोस्ट में लिखे गए कैप्शन से एक बात तो साफ हो जाती है कि जब इसी साल जनवरी में उन्होंने अपनी बहन वीनस को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था, उस वक्त भी सेरेना गर्भवती थीं। ये सेरेना का 23वां ग्रैंड स्लैम था। सेरेना की इस पोस्ट के बाद से ही उन्हें हर तरफ से मुबारकबाद मिल रही है। सेरेना मेलबर्न में जीत दर्ज करने के बाद से सेरेना अभी तक खेली नहीं है और अब वो इस बच्चे को जन्म देने के लिए खेल से ब्रेक लेंगी।

सिंधु दो पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर आईं, श्रीकांत, प्रणीत की रैंकिंग भी सुधरी

« नई दिल्ली। एजेंसी

रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारत की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु आज दो पायदान की छलांग लगाकर ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गई हैं। सिंधु पिछले सप्ताह बैडमिंटन की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गई थीं लेकिन सिंगापुर ओपन सुपर सीरिज क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर उसने दो पायदान की छलांग लगाई। दो सप्ताह पहले वह कैरियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंची थीं। पिछले सप्ताह ही सिंधु ने करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई थी और वह वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गई थीं। कैरोलिना मॉरिन को हराकर उन्होंने इंडियन ओपन सुपर सीरीज का खिताब जीता था। कैरोलिना मॉरिन ने रियो ओलिंपिक के फाइनल में सिंधु को हराया था। लंदन ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवाल की रैंकिंग भी कुछ बेहतर हुई है। वे एक पायदान चढ़कर 8वें स्थान पर पहुंच गई हैं। पुरुष एकल में सिंगापुर ओपन उपविजेता किदाम्बी श्रीकांत और विजेता बी साई प्रणीत दोनों आठ पायदान ऊपर चढ़कर क्रमश: 21वें और 22वें स्थान पर हैं। देश के एक अन्य बैडमिंटन खिलाड़ी अजय जयराम 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अच्छा प्रदर्शन अपने आप रैंकिंग बेहतर कर देगा

भारत की अग्रणी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु का कहना है कि उनका ध्यान इस समय आने वाली चैम्पियनशिप पर है न कि रैंकिंग पर। सिंधु का मानना है कि अगर वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रहीं तो निश्चित ही एक दिन शीर्ष रैंकिंग पर आ जाएंगी। हाल ही में इंडिया ओपन का खिताब जीत कर सिंधु विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गई थीं। पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन के पहले दौर में ही हार कर बाहर होने के चलते सिंधु दूसरे पायदान से फिसल गईं और इस समय विश्व वरीयता में तीसरे नंबर पर हैं। रियो ओलम्पिक-2016 में रजत पदक विजेता सिंधु ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ‘हार और जीत खेल का हिस्सा है। कई बार आप जीतते हैं तो कई बार आप हारते हैं। सिंधु अपने ऊपर किसी तरह का अतिरिक्त दबाव नहीं लेना चाहतीं। उन्होंने कहा, अगर आप अच्छा खेलते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं तो इससे अपने आप ही आपकी रैंकिंग में सुधार होता है। सिंधु इस समय अपना पूरा ध्यान 25 अप्रैल से शुरू होने वाले एशिया बैडमिंटन चैम्पियनशिप पर लगा रही हैं।

विश्व स्तरीय गेंदबाज बनकर उभरे हैं भुवनेश्वर : वार्नर

» हैदराबाद। आस्ट्रेलिया के धुरंधर बल्लेबाज और सनराइजर्स हैदराबाद टीम के कप्तान डेविड वार्नर ने भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की जमकर तारीफ की है है और कहा है कि भुवनेश्वर कुमार एक विश्वस्तरीय गेंदबाज के तौर पर उबरे हैं। दिल्ली डेयरडेविल्स टीम के साथ बुधवार को हैदराबाद में हुए आईपीएल मैच में भुवनेश्वर एक भी विकेट नहीं हासिल कर सके लेकिन उन्होंने अपने कोटे के चार ओवरों में सिर्फ 21 रन खर्च किए। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही दिल्ली को अंतिम 12 गेंदों पर जीत के लिए 34 रनो की जरूरत थी और भुवनेश्वर ने 19वां ओवर फेंकते हुए 10 रन ही दिए। सनराइजर्स ने यह मैच 15 रनों से जीता। मैच के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ के क्रम में वार्नर ने भुवनेश्वर की विशेष तारीफ की। वार्नर ने कहा, ‘हमारे पास दो ही रास्ते थे। अंतिम समय में किसी युवा को गेंद दो या फिर अपने अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर पर भरोसा करो। मैंने भुवनेश्वर पर भरोसा किया और उन्होंने इसे कायम रहने दिया। भुवनेश्वर अब विश्वस्तरीय गेंदबाज बन चुके हैं।’ वार्नर ने 89 रनों की पारी खेलने वाले अपने बल्लेबाज केन विलियमसन की भी जमकर तारीफ की। वार्नर ने कहा, ‘केन का यह पहला मैच था। वह शानदार लय में दिखे। शिखर धवन ने उनका बेहतरीन साथ दिया और फार्म में लौटे।

बयान

अपने आतिशी प्रहारों से यूसुफ किसी भी मैच की तस्वीर बदलने की क्षमता रखते है

केकेआर के यूसुफ पठान के बड़े बोल, मैं विशेष टेलेंट, कोई मेरा मुकाबला नहीं कर सकता

« कोलकाता। एजेंसी

आईपीएल-10 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेले रहे यूसुफ पठान जब मैदान में उतरते हैं तो दर्शकों में चौकों-छक्कों की उम्मीद बढ़ जाती है। गुजरात के यूसुफ पठान की पहचान बड़े-बड़े छक्के लगाने वाले बल्लेबाज की है। जब उनकी बल्लेबाजी पूरे शबाब पर होती है तो गेंदबाजों की मानो शामत आ जाती है। अपने आतिशी प्रहारों से यूसुफ किसी भी मैच की तस्वीर बदलने की क्षमता रखते हैं। हालांकि प्रदर्शन में स्थिरता नहीं होना इस हरफनमौला की कमजोरी है। गेंद पर निर्ममता से प्रहार करने वाले यूसुफ पठान ने भले ही जोस मोरिन्हो से कभी कोई प्रेरणा नहीं ली हो लेकिन स्वयं के मूल्यांकन में उन्होंने मैनचेस्टर यूनाईट के कोच के लोकप्रिय बयान को दोहराया है जिसमें उन्होंने कहा था 'मैं विशेष हूं।' इसके साथ ही इरफान पठान के बड़े भाई यूसुफ की नजरें अब भी भारतीय टीम में वापसी पर टिकी हैं जबकि मध्यक्रम के कुछ स्थानों के लिए कई अन्य खिलाड़ियों का दावा अधिक मजबूत है। पठान ने अपनी इस हरसत का इजहार करते हुए कहा 'इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दौड़ में कौन मुझसे (भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व के मामले में) आगे है। मुझे लगता है कि कोई मेरे साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। मैं स्वयं को विशेष प्रतिभा मानता हूं।' दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ 39 गेंद में 59 रन की पारी खेलने वाले पठान ने साबित किया कि कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम में उन्हें इतनी तरजीह क्यों मिलती है जबकि मैच का रुख बदलने वाली उनकी पारियां काफी कम हैं। भारतीय टीम में एक बार फिर जगह मिलने को लेकर सकारात्मक पठान ने कहा, 'मुझे अपनी प्रतिभा पर भरोसा करना होगा। चीजों को बदलने में समय नहीं लगता। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखता हूं तो कभी ना कभी मुझे मौका मिलेगा, अगर आज नहीं तो कल।' उन्होंने कहा, 'मैं अन्य को नहीं देखना चाहता। मेरा काम अच्छी क्रिकेट खेलना है और इस बार शुरुआत अच्छी रही। मुझे अपने क्रिकेट को लेकर संतुष्ट रहना चाहिए और जब भी मौका मिले तो तैयार रहना चाहिए।' पठान ने कहा कि वह कभी भी अपना नैसर्गिक खेल खेलने से पीछे नहीं हटेंगे जैसा कि उन्होंने